तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कोयले से लदी ट्रेलर में अचानक लगी आग, चालक बचा बाल बाल



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मनोज चौहान एवं मुकेश राठौर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि मनरेगा में सुधार के नाम पर केन्द्र सरकार ने रोजगार गारंटी स्कीम को खत्म करने का जो काम किया है जिसके विरोध में 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे कोरबा कलेक्टर दफ्तर का घेराव किया जावेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अजा. प्रकोष्ठ, अजजा. प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी, पार्षद, पूर्व पार्षद, पूर्व एल्डरमेन सहित समस्त कांग्रेस मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ एवं विभाग के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु अपात्र आवेदनों की सूची जारी

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। प्राक्चयन प्रवेश परीक्षा 1 मार्च प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। प्रवेश हेतु ऑनलाईन कुल 2025 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1977 आवेदन पात्र तथा 48 आवेदन अपात्र पाए गए हैं। अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का अवलोकन सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय तथा जिला कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है। प्रवेश पत्र एकलव्य की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा।

### कक्षा 12वीं की परीक्षा सम्पन्न, 99 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत 12वीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 23 फरवरी को हायर सेकेंडरी स्कूल के राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन, एवं वस्तु चित्रण विषय का परीक्षा संपन्न हुआ। उक्त विषयों की परीक्षा हेतु कुल 9 हजार 356 दर्ज बच्चों में से 9 हजार 257 विद्यार्थी उपस्थित एवं 99 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें राजनीति विज्ञान विषय में 3281 दर्ज बच्चों में 3228 उपस्थित व 53 अनुपस्थित, रसायन शास्त्र विषय में 3687 दर्ज बच्चों में उपस्थित 3664 व 23 अनुपस्थित, लेखा शास्त्र विषय में 2163 दर्ज बच्चों में उपस्थित 2149 व 14 अनुपस्थित, फसल उत्पादन विषय में 192 दर्ज बच्चों में से 183 उपस्थित व 9 अनुपस्थित तथा वस्तु चित्रण विषय में दर्ज एवं उपस्थित बच्चों की संख्या 33 रही।

### जल जीवन मिशन से मांगामार में अब हर घर जल

**कोरबा।** जिला मुख्यालय से लगभग 53 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मांगामार की तस्वीर अब बदल चुकी है। ढाई हजार से अधिक की आबादी वाले इस गांव में जल जीवन मिशन के तहत 1 करोड़ 45 लाख 34 हजार रुपए की लागत से रेट्रोफिटिंग योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत 40 किलोमीटर क्षमता की एक उच्च स्तरीय पानी टंकी स्थापित की गई है। गांव के हर एक घर में पेयजल पहुंचाने के लिए 37 सौ मीटर पाइप लाइन बिछाकर 522 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। मांगामार की श्रीमती समारिन बाई खाण्डेल बताती है कि पहले पेयजल के लिए हैंडपंप, कुओं और अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में भू-जल स्तर नीचे चला जाता था, जिससे पानी की किल्लत और भी बढ़ जाती थी। कई बार सुबह-सुबह पानी भरने के लिए लंबी कतारें लगती थीं।

# बेरहम सिस्टम के आगे बेबस 4 अनाथ बच्चियां, सरकारी मदद का है इंतजार

## पहले छूटा माता पिता का साथ, अब दाने दाने को मोहताज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

पहले पिता का साथ छूटा और फिर प्रकृति के कहर से मां मौत के मुंह में समा गई। माता-पिता की मौत के बाद अनाथ हुई चार बेटियां अब दाने-दाने को मोहताज है। दरअसल सीतामणी निवासी कलिन्द्री यादव अपने पति की मौत के बाद 4 बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी करके कर रही थी। सिम्मी, स्नेहा, मुस्कान, आस्था ने कलेक्टर से मिलकर शासन के द्वारा दिए जाने वाले आपदा राशि प्रदान करने की गुहार लगाई है।

इन मासूमों के सामने जीवन-यापन का ऐसा संकट खड़ा हो गया है जिसे चाहकर हल नहीं कर पा रहें है। चार साल से सरकारी मदद का इंतजार करने की बाद भी जब कुछ नहीं हुआ तो कलेक्टर के सामने अपना दुख-दर्द बयान किया। अब फाइल फिर से खोली जा रही है देखना है की फ़ाइल से निकल कर मदद कब इन मासूमों तक आ पाती है। दरअसल सीतामणी निवासी कलिन्द्री यादव अपने पति की मौत के बाद 4 बच्चों का पालन-पोषण मजदूरी करके कर रही थी। 1 अप्रैल 2018 को आंधी-तूफान में घर का छज्जा गिरने से दबकर कलिन्द्री की भी मृत्यु हो गई। मां की मृत्यु के बाद चारों नाबालिक बच्चे अनाथ हो गए। सिम्मी, स्नेहा, मुस्कान, आस्था ने शासन के द्वारा दिए जाने वाले आपदा राशि प्रदान करने की गुहार लगाई है। पीड़ितों के मुताबिक उन्होंने एक वकील के माध्यम से राहत राशि के लिए कार्यवाही शुरू कराई थी, लेकिन वकील ने भी 3 साल तक मामले को लटकाए रखा। बहरहाल कलेक्टर ने इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिया है परंतु अब देखना है कि 5 साल पुराने इस मामले का निराकरण कितनी तेजी से संबंधित विभाग और अधिकारी करते हैं।

**खास बातें**

- शासन से आपदा राशि की लगाई गुहार
- 4 साल से परिजन कर रहे मदद का इंतजार



## 135 अवैध मकानों व बाउंड्रीवाल पर चला बुलडोजर

# बुलडोजर एक्शनः 90 एकड़ सरकारी जमीन किया गया अतिक्रमणमुक्त



अवैध कब्जे को तोड़ता बुलडोजर।



अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध करते वार्डवासी।



कार्यवाही करती बुलडोजर।



आक्रोशित महिलाओं को समझाइश देते अधिकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री स्थित के सी जेन मार्ग में जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ अब तक की यह सबसे बड़ी कार्यवाही है। कार्यवाही के दौरान अवैध रुप से निर्मित लगभग 135 मकानों और बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चलाया गया और लगभग 90 एकड़ शासकीय भूमि को बेजा कब्जा मुक्त कर करोड़ों की सरकारी जमीन को प्रशासन ने वापस अपने कब्जे में लिया है। वहीं होली पर्व के ठीक पहले की गई इस कार्यवाही का स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है। लोगों का आरोप है कि अचानक कार्यवाही करने की वजह से लोगों को अपना सामान हटाने तक का मौका नहीं मिला। कार्यवाही के दौरान टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा।

**खास बात**

- प्रशासन, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

होली पर्व से ठीक पहले दर्रीखार इलाके में प्रशासनिक कार्रवाई से बेजाकब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना के नेतृत्व में प्रशासन, पुलिस व निगम की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। देखते ही देखते शासकीय जमीन पर किए गए बेजाकब्जा पर बुलडोजर चलने लगे। कई मकान व बाउंड्रीवाल जमींदोज कर दिए गए। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक कार्रवाई अचानक शुरू हुई, जिससे रहवासियों को सामान समेटने का भी पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। मकान टूटते ही महिलाओं और बच्चों में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। कई परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। सूत्रों का कहना है कि दर्रीखार की जिस जमीन पर कब्जा हटाया गया, वह लंबे समय से विवादित बताई जा रही थी। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूर्व सूचना और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर की गई है। वहीं प्रभावित परिवारों का आरोप है कि त्योहार से ठीक पहले की गई यह कार्रवाई अमानवीय है। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मामले को लेकर सियासी हलचल भी तेज होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार केसी जेन मार्ग के पास अंदर की जमीन पर रसूखदारों और स्थानीय कब्जाधारियों ने अवैध रूप से बाउंड्री वॉल और अस्थायी ढांचे खड़े कर लिए थे। शिकायतों और जांच के बाद प्रशासन ने इन्हें हटाने का निर्णय लिया। कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना के नेतृत्व में यह कार्यवाही तब की गई जब नोटिस दिए जाने के बावजूद कब्जाधारियों ने शासकीय जमीन से कब्जा खाली नहीं किया। सूत्रों की मानें तो कुछ लोगों ने 60-70 डिसमिल भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। प्रशासन ने साफ किया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकास कार्यों और प्लांट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखना जरूरी है।

**5 जेसीबी के साथ पहुंची संयुक्त टीम**

उल्लेखनीय है कि संयुक्त टीम द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान लगभग 135 फार्म हाउस, पक्के मकान और बाउंड्रीवाल का जमींदोज किया गया और 90 एकड़ शासकीय भूमि को मुक्त कर करोड़ों की शायकीय जमीन प्रशासन ने वापस अपने कब्जे में लिया गया। कार्यवाही के दौरान संयुक्त टीम ने 4-5 जेसीबी मशीनों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्यवाही पूरी की। प्रशासन ने साफ कह दिया है कि शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों की अब खैर नहीं। सजग कोरबा की दिशा में यह कदम भूमाफियाओं के लिए एक बड़ी चेतावनी है।

# चरित्र शंका को लेकर पति ने पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट



मृत महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र के मुड़धुवा गांव में एक महिला की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चरित्र शंका को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पति ने अपनी पत्नी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या के वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**

- गोवा कमाने खाने गये थे पिता पुत्र, रविवार को लौटे थे वापस

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत पसराखोला मुड़धुवा निवासी फूल जैम्स और उसका पुत्र विगत कुछ माह पूर्व कमाने खाने के लिए गोवा गए हुए थे। इस दौरान फूल जैम्स जब भी अपनी पत्नी गीता बाई उम्र 36 वर्ष को फोन करता था वह फोन रिसिव नही करती थी और इधर उधर घूमते रहती थी। रविवार को ही फूल जैम्स गोवा से अपने गांव मुड़धुवा पहुंचा था और रविवार रात लगभग 9 बजे शराब के नशे में मदहोश थी और जब उसके पति फूल जैम्स ने गीता से गांव में घूमने के संबंध में पूछताछ करने लगा तो दोनों पति पत्नी के मध्य कहासुनी हो गई और फूल जैम्स ने पास में रखे डंडे से अपनी पत्नी गीता बाई के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात हत्या की सूचना पर बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और हत्या के वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और चरित्र शंका को घटना का कारण माना जा रहा है।

# प्रेमी के परिजनों ने शादी से किया इनकार युवती ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक व युवती के मध्य लंबे समय से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। दोनों एक दूसरे को बहुत पसंद करते थे और शादी भी करना चाहते थे लेकिन युवक के परिजन ने युवती से शादी करने से मना कर दिया था जिसके चलते युवती काफी परेशान थी और इसी के चलते युवती ने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर मौत को गले लगा लिया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- करतला थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदरीपाली का मामला

जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंदरीपाली निवासी साधना मंझवार की 20 वर्षीय पुत्री कृष्णो बाई ने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां इलाज के दौरान कृष्णो बाई की मौत हो गई है। जांच के दौरान परिजनों ने पुलिस को जो ⏭ शेष पेज 3 पर

# डिजिटल क्रिएटर स्टूडियो से सोशल मीडिया को मिलेगा बूस्ट

**कोरबा।** जिले में ऑनलाइन कन्टेन्ट को हाई क्वालिटी में तैयार करने के लिए एक डिजिटल क्रिएटर स्टूडियो की नींव रखी जाएगी। जितने भी डिजिटल वर्क हैं सभी को स्टूडियो में उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार किया जाएगा। कोरबा क्रिएटर्स टीम के अनुरोध पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत द्वारा इस पर आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही जिले में नवाचारों की सूची में एक और प्रोजेक्ट जोड़ा जाएगा। अब जिला कुछ ही समय में सबसे ज्यादा संभावनाओं वाला जिला बन चुका है। अब डिजिटल वर्ल्ड में भी कोरबा की पहचान पुख्ता होने वाली है। ऑनलाइन कन्टेन्ट तैयार करने वाले युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, ब्लॉगर्स, एजुकेटर्स को आगे बढ़ाने के लिए स्टूडियो खोला जाएगा।

डिजिटल क्रिएटर स्टूडियो में हाई क्वालिटी प्रोफेशनल ग्रेड का डिजिटल प्रोडक्ट तैयार किया जाता है स्टूडियो में हर तरह की ऐसी सुविधा होती है जिसमें वीडियो, ऑडियो रिकॉर्डिंग से लेकर कई अन्य काम होते हैं। मार्केटिंग एजेंसी, एडवर्टाइजिंग एजेंसी, पॉडकास्ट के लिए स्टूडियो वरदान साबित होगा। अभी इस तरह के कामों के लिए कोरबा से बाहर जांजगीर-चांपा,रायगढ़ या रायपुर आदि शहरों पर निर्भरता है। कोरबा में ही स्टूडियो खुलने से कई युवा हाथों को काम मिलेगा।

## एटक कुसमुण्डा क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित 550 कर्मचारियों ने इंटक का थामा दामन

# एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में एटक यूनियन को लगा बड़ा झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में एटक यूनियन बड़ा झटका लगा है, एटक कुसमुण्डा क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष बी.एल. महंत (राजवीर) के नेतृत्व मे पदाधिकारियों सहित एटक के 550 सदस्यों ने एक साथ एटक यूनियन को अलविदा कहते हुये बीते दिनों एसईकेएमसी (इंटक) यूनियन का दामन थाम लिया है।

विदित हो कि 15 फरवरी को एटक कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद 66 पदाधिकारियों ने उनके समर्थन मे सामूहिक इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद 22 फरवरी को सामुदायिक भवन आदर्शनगर कुसमुण्डा में एसईकेएमसी (इंटक) यूनियन का कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया गया था, उक्त कार्यकर्ता सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप मे एसईकेएमसी (इंटक), एसईसीएल के केंद्रीय अध्यक्ष एवं एसईसीएल संचालन समिति के सदस्य गोपाल नारायण सिंह, सह-अतिथि केंद्रीय महामंत्री प्रीतम नाथ पाठक, अतिथि केंद्रीय कोषाध्यक्ष संदीप चौधरी, क्षेत्र कार्यकारी अध्यक्ष किशोर सिन्हा, महामंत्री संदीप राय, कोषाध्यक्ष श्री माजिद, सीडब्लूएस कोरबा के अध्यक्ष दिलीप सिंह, सचिव भोजराम सतरंगे, गेवरा क्षेत्र के अध्यक्ष दूषियंत मिश्रा, महामंत्री जीवरान चंद्रा, दीपका क्षेत्र के अध्यक्ष सतीश सिंह, महामंत्री संजीव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उक्त कार्यकर्ता सम्मलेन में एटक को अलविदा कर बी.एल. महंत (राजवीर) के नेतृत्व में महिला कामगार श्रीमती ईश्वरी देवी कुर्मी, श्रीमती हेमंत बाई, श्रीमती कौशिल्या बाई, श्रीमती रखमणि, श्रीमती हेमलता यादव, श्रीमती प्रेमलता यादव, श्रीमति रानू चंद्रा, श्रीमती छाया साहू, श्रीमती सुमित्रा देवी, सुश्री श्रद्धा देवरा, सुश्री टेसू यादव, सुश्री रीतू यादव साथ ही शंकर सिंह, नरेश साहू, वीरेंद्र कुमार टंडन, महेंद्रपाल यादव, महावीर पटेल, विनय कुमार स्वर्णकार, मंतोष कुमार, शैलेन्द्र सिंह, छत्रसाल कश्यप, पारस तिवारी, भूपेंद्र कुमार मेहर, संजय कुमार गुप्ता, अभिनव त्रिपाठी, संदीप देवांगन, हुंकारेश्वर, सचिन पयासी, प्रशांत तिवारी, पूरन लाल लाठिया, धर्मेंद्र साहू, देवेश मिश्रा सहित 550 कर्मचारियों ने एसईकेएमसी (इंटक) यूनियन का दामन थामा, कार्यक्रम का संचालन इंटक कुसमुण्डा क्षेत्र के अध्यक्ष राजू लाल सोनी ने किया तथा क्षेत्रीय महामंत्री नवल किशोर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे इंटक कुसमुण्डा के पदाधिकारी निर्मल कुमार चंद्रा, उवैश अहमद, हरि महाकुण्ड, सचदेव, सूरज सागर, के.पी. विश्वकर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की अहम भूमिका रही है।



सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## संत गाड़गे की मनाई गई 150वीं जयंती



**कोरबा।** सामाजिक सामुदायिक भवन बालको में संत गाडगे बाबा की 150वीं जन्म जयंती मनाई गई। संत गाडगे बाबा की तैल चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर बालको इकाई के अध्यक्ष गिरधारी बरेठ ने कहा कि संत गाडगे बाबा एक रोटी कम खाओ अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ ऐसे विचार को जन्म देने वाले महान समाज सुधारक संत गाडगे थे। समाज के वरिष्ठ सामाज सेवक जी.पी. बरेठ, सत्यनारायण कर्ष, डोमराज बरेठ, बालको इकाई के कोषाध्यक्ष रविशंकर बरेठ, विद्या भूषण बरेठ, राहुल बरेठ बालमुकुंद बरेठ आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**बिलासपुर।** रतनुपर के घासीपुर गांव में दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक मौत हो गई। रतनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर ने युवक को रौंद दिया। हादसा इतना भयंकर था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान कर्रा नारा निवासी संजय कुमार आर्मो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कर्रा नारा निवासी संजय कुमार आर्मो निजी कार्य से बाइक क्रमांक सीजी 12 बीबी 7204 से जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएस 6541 के चालक ने अचानक सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर रतनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, लोगों को हटाया गया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे ट्रेलर चालक को पुलिस ने वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### नशेड़ियों ने आटो को किया आग के हवाले



**बिलासपुर।** जबड़ापारा स्थित मुनीबाबा गली में अज्ञात लोगों ने एक आटो में आग लगा दी है। जिससे आटो जल कर राख हो गई है। चालक ने सरकंडा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार जबड़ापारा निवासी अशोक यादव आटो चालक है, आटो चलाकर ही गुजर बसर करता है। सोमवार की दरमियानी रात 1 बजे अज्ञात लोगों ने घर के सामने खड़ी आटो में आग लगा दी। जबतक मोहल्ले के लोगों को पता चला तब तक आटो जलकर खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में इन दिनों नशेड़ियों का कब्जा है, आए दिन वारदात हो रही है, आशंका व्यक्त की जा रही है कि नशेड़ियों ने ही आटो को आग के हवाले किया है। चालक ने सरकंडा थाने में रिपार्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समता कालोनी में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मुखबिर की सूचना पर मगरपारा समता कालोनी में चाकू लहराते युवक को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक विकास सेंगर अन्य पुलिसकर्मियों के साथ ड्यूटी दे रहे थे। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली थी कि समता कालोनी मगरपारा में एक युवक चाकू लेकर लोगों को धमका रहा है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में ले लिया। इस दौरान उसने अपना नाम मनीष खोब्रागडे पिता शंकर लाल खोब्रागडे उम्र 35 वर्ष बताया। उसकी तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों को 13 इंच लंबा चाकू मिला, जिसमें 8 इंच फन था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गोली की आवाज से दहला सरकंडा थाना, आरक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक नवल तिवारी ने ड्यूटी बदलने के दौरान मैग्जीन निकाले बगैर ही राइफल का ट्रिगर दबा दिया, जिससे एसएलआर राइफल से निकली गोली थाने में लगे पंखे की ब्लेड से लगते हुए छत में घुस गई। बंदूक से चली गोली की आवाज से थाना थर्रा उठा और पुलिस अधिकारी व कर्मचारी थाने से बाहर आ गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। एसएसपी ने लापरवाही बरतने वाले आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

मोपका लूट के आरोपियों को सरकंडा थाने में जब हिरासत में लिया गया, उसी दौरान थाने में आरक्षक के हाथों से गोली चल गई। बताया जा रहा है कि लूट के आरोपियों को पकड़ने के बाद थाने में सशस्त्र बल की तैनाती की गई थी। सुबह 7 बजे के आसपास आरक्षक नवल तिवारी ड्यूटी पर पहुंचा और मुंशी से एसएलआर राइफल ले ली। इस दौरान बिना मैग्जीन निकाले ही नवल ने ड्रिल शुरू कर दी, ट्रिगर पर हाथ लगते ही गोली चल गई और पूरा थाना गूंज उठा। अफरा-तफरी मचते ही सारे पुलिसकर्मी थाने से बाहर निकले। इस दौरान राइफल की नोक ऊपर की ओर थी, गोली थाने के कमरे में लगे सीलिंग फेन से टकराई और छत में घुस गई। घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है। खास बात यह रही है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, दरअसल जिस समय घटना हुई उस दौरान मुंशी के अलावा अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।



**खास बातें**

- ड्यूटी बदलते समय ड्रिल के दौरान बिना मैग्जीन निकाले ट्रिगर दबा दिया
- थाने में मौजूद अधिकारी छिपाते रहे मामला

**पहले भी आरक्षकों से हुई है ऐसी गलती**

साल 2005 में तोरवा थाने में मुंशी से राइफल लेने के दौरान आरक्षक ने ट्रिगर दबा दिया था, इस दौरान पुलिसकर्मी बाल बाल बचे थे। गोली सीधे छत पर लगी थी। ऐसा ही 2012-13 के दौरान भी हुआ था जब तत्कालीन क्राइम ब्रांच में चोरी के मामले में संदेही को पकड़ा गया था, बिलासागुड़ी स्थित क्राइम ब्रांच में पूछताछ के दौरान आरक्षक ने सरकारी पिस्टल संदेही पर तान दी थी, धमकाने के दौरान आरक्षक से फायर होते ही संदेही के करीब से गोली निकली और दीवार पर लग गई थी। दरअसल उस समय क्राइम ब्रांच में पदस्थ पुलिसकर्मियों को पिस्टल दी जाती थी। वहीं साल 2018 में भरनी परसदा सीआरपीएफ कैंप में हवलदार ने बैरक में खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी।

**सस्पेंड किया गया**

ड्यूटी बदलने के दौरान पुलिसकर्मियों को ड्रिल करनी होती है। आरक्षक ने बिना मैग्जीन निकाले ही ट्रिगर दबा दिया, जिससे गोली चली। लापरवाही पर आरक्षक को निलंबित किया गया है।

- **रजनेश सिंह**
एसएसपी, बिलासपुर

## लूट की वारदात को अंजाम देने से दो माह पहले से कर रहे थे रैकी

# लूट के आरोपियों ने किया था भाजपा नेता की हत्या का प्रयास, वारदात में भाजपाई था शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक पर पिस्टल के बट और हथौड़ी से वार कर करोड़ों की ज्वेलरी लूटने वाले आरोपी पिछले 2 माह से होटल और फार्महाउस में रहकर प्लानिंग करते रहे, लेकिन इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पकड़े गए आरोपियों ने पिछले 2 माह के दौरान होटल व्यवसायी लखन देवांगन उर्फ नीटी को लूटने का प्रयास किया, साथ ही वे सदर बाजार के बड़े ज्वेलर्स दुकान में लूट का और पार्षद बंधू मौर्य के हत्या का प्रयास कर चुके हैं। पुलिस के पकड़ में आने के बाद घटनाओं में होने की बात कबूल कर ली है।

पुलिस के अनुसार राजकिशोर नगर होटल में रूकने के दौरान आरोपियों ने महालक्ष्मी ज्वेलर्स में लूट का प्लान बनाया था। इसके लिए नारद श्रीवास ने विनोद उर्फ बिन्नू प्रजापति को फोन कर लूट को अंजाम देने के लिए बुलाया, बिन्नू के साथ विजय लांबा, करीब खान, मोनू उर्फ राहूल को दिल्ली से अनुपपुर लाया। इसके बाद अनुपपुर में ही बस से बिलासपुर पहुंचते तक लूट का प्लान तैयार किया गया। इससे पहले विजय लांबा ने मैनपाट के मेले में बाइक की चोरी की। झलमला सीपत निवासी इरफान अली को प्लान शामिल कर लिया गया। वे इरफान की स्कार्पियो से अंबिकापुर से बिलासपुर पहुचे। इन्होंने पार्षद बंधू मौर्य की हत्या करने और महालक्ष्मी ज्वेलर्स की रैकी करने के लिए 4 पहिया वाहन की जरूरत पड़ने पर अकलतरा से मारूती इको की चोरी की। 17 फरवरी की रात 9.15 बजे महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक संतोष तिवारी दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे, इस दौरान मौका पाकर आरोपियो ने श्री तिवारी की कार क्रमांक सीजी 10 एएच 7701 को टक्कर मार दी और मारपीट करते हुए ज्वेलरी व कार लूट लिया। आरोपियों ने 4 बड़े बैग पर हाथ मारते हुए 2 किलो सोना, 200 ग्राम ज्वेलरी, 350 ग्राम कच्चा सोना, 100 ग्राम फाइन गोल्ड और 3 लाख 50 हजार की नकद लूट कर सीपत की ओर भाग निकले। इसके बाद अंबिकापुर की ओर भाग खड़े हुए।

**आरोपियों से जब्त सामान**

हत्या की पेशगी के तौर पर लिए गए 5 लाख 33 हजार रू नगद, 6 धारदार चाकू, 1 देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस, 6 मोबाईल, 1 मारूती इको कार, 1 रेनॉल्ट क्वीड कार, 1 महिन्द्रा स्कार्पियो कार।

- बीजेपी के पार्षद की हत्या की ली थी सुपारी, प्लान फेल होने पर की वारदात।
- आरोपी होटल व्यवसायी पर भी तान चुके थे कट्टा।



**इन आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

- विनोद उर्फ बिन्नू प्रजापति पिता शिवलाल प्रजापति उम्र 33 वर्ष निवासी जमुना कॉलरी थाना भालूमाडा जिला अनूपपूर (म.प्र.)।
- करीम खान पिता वसीम खान उम्र 23 वर्ष निवासी चकमहमूद सकलेननगर ओल्ड सिटी थाना बरादरी जनपद बरेली (उ.प्र.)।
- विजय लाम्बा पिता रामलाल लांबा उम्र 52 वर्ष निवासी चंदन नगर थाना जगतपुरी पूर्वी नई दिल्ली।
- मोनू उर्फ राहूल उर्फ गुड़वा पिता सुंदर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सोरखा थाना सेक्टर 113 जिला गौतम बुद्ध नगर नोयडा।
- इरफान अली पिता अकरम अली उम्र 32 वर्ष निवासी झलमला थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)।
- नारद उर्फ सुमित श्रीवास पिता गोपी श्रीवास उम्र 42 वर्ष निवासी 27 खोली थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर (छ.ग.)।
- राजू सोनकर पिता ललंदर सोनकर उम्र 38 वर्ष निवासी चिंगराजपारा देवनचाल के सामने थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर (छ.ग.)।

**दोनों की बीजेपी के नेता**




जानकारी के अनुसार राजू सोनकर बेलतरा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष के पद पर रह चुका है। वहीं बंधु मौर्य ने बीजेपी की टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ा था। राजू सोनकर ने बंधु मौर्य के घर और दुकान की रेकी कराई थी। आरोपियों को इस बात की जानकारी थी कि बंधु मौर्य हर सुबह करीब 4 से 5 बजे सब्जी मण्डी जाता है और उसके पास लाखों रूपये रहते हैं। राजू सोनकर ने हत्या कर उससे रकम लूटने के लिए भी आरोपियों को उकसाया था। विनोद प्रजापति ने ही नारद श्रीवास के लिए पिस्टल मंगवाया था। चांटीडीह चौक पर ही बंधु मौर्य की हत्या का प्लान था। राजू ने आरोपियों की तखतपुर और बिलासपुर में बिना आईडी प्रूफ के ठहरने की व्यवस्था की थी।

**आईजी ने कहा- पुलिसकर्मियों को किया जाएगा पुरस्कृत**

एक साथ कई मामलों को परत दर परत सुलझाने के मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती मधुलिका सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन निमितेश सिंह, अंशिका जैन सहित अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आईजी रामगोपाल गर्ग और उप पुलिस महानिरीक्षक व एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए इनाम की घोषणा की है।

# गरीबों के मकान तक जाने वाले रास्ते पर लगा गेट तोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर सरकंडा स्थित ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी में गरीबों के मकान तक जाने वाले रास्ते को बंद कर लगाया गया गेट तोड़ा जाएगा। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि ले आउट में जो रास्ता स्वीकृत है उसी हिसाब से काम होगा। कालोनी के पीछे गेट में जो ताला लगाया गया है उसे तोड़ा जाएगा। इधर इस बारे में कालोनी के बिल्डर गौरव तिवारी की ओर से कहा गया है कि ले आउट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। कालोनीवासियों को पूरी जानकारी पहले ही दे दी गई थी और लेआउट में जो त्रुटी है वह लिपिकीय है। इसमें सुधार के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के साथ ही निगम में आवेदन भी दे दिया गया है।

- निगम ने कहा लेआउट में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया

दरअसल ड्रीम इनक्लेव एक पूर्ण विकसित कॉलोनी है, जिसे नगर निगम द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। यहां कुल 37 मकान बनाए गए हैं। कॉलोनीवासियों के अनुसार बिल्डर द्वारा अतिरिक्त विकास के लिए निगम को वांछित राशि भी जमा की जा चुकी है, ऐसे में कॉलोनी के अग्रिम विकास, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी अब नगर निगम की है। यहां के लोगों ने बताया कि "ड्रीम इनक्लेव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित" (पंजीयन क्रमांक 768) का गठन भी किया है।

**कुछ लोगों ने गेट बंद कर दिया**

ध्यान रहे कि निगम द्वारा कॉलोनी के पिछले हिस्से में निर्मित ईडब्ल्यूएस (अटल आवास) भवन के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, वहां तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग और सुविधाएं उपलब्ध कराईं जा रहीं हैं। निगम के मुताबिक 25 फिट का रास्ता इसके लिए अलग से बनाया गया है लेकिन कुछ लोगों ने इस रास्ते पर गेट लगाकर इसे बंद कर दिया गया है। इस कारण इन लोगों को परेशानी हो रही है। अब निगम ने इस गेट को तोड़ने का फैसला किया है। खास बात है कि ईडब्ल्यूएस भवन निर्माण के समय से ही पानी की आपूर्ति कॉलोनी की टंकी से की जा रही है मजदूरों व संबंधित लोगों का आवागमन भी कॉलोनी के पिछले गेट से होता रहा है। अब जब आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है तब कुछ लोगों ने गेट बंद कर दिया है। निगम का कहना है कि ईडब्ल्यूएस भवन के लिए दिया गया पानी कनेक्शन भी शुरू कराया जाएगा।

**सरकंडा के खसरा नंबर पर बनी है कालोनी**

मामले में बिल्डर गौरव तिवारी के मुताबिक पूरी कालोनी सरकंडा की खसरा नंबर 299/1, 301, 302/1, 394/11 और 395/10 में कुल 2.29 एकड़ पर बनी है। इसी आधार पर लेआउट भी पास कराया गया है। नियमों के मुताबिक कालोनी में चौड़ी सड़कों के साथ नाली बनाई गई हैं तो गार्डन और दूसरी सुविधाएं हैं। कालोनीवासियों को इस बात की जानकारी भी दी गई थी कि पीछे में ईडब्ल्यूएस के मकान बनाए जा रहे और इसके लिए अलग से 25 फिट का रास्ता बनाया गया है। 2021 में कालोनी का निर्माण पूरा करते हुए लोग वहां शिफ्ट भी हो गए हैं। अब चार साल बाद इस तरह का विरोध गलत है।

# 300 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेकर काउंटर बुकिंग करते थे दलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो टिकिट दलालों को पकड़ा है, जो यात्रियों से 200-300 रुपए का अतिरिक्त चार्ज लेकर काउंटर बुकिंग करते थे। दोनों टिकिट दलाल को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

- आरपीएफ की गुप्तचर शाखा टीम ने पकड़ा

ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने काउंटर टिकिट की सुविधा बिलासपुर रेलवे स्टेशन के अलावा उसलापुर रेलवे स्टेशन में देकर रखी हुई है। इसके अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए भी लोगों को घर बैठे 6 आरक्षण टिकिट की सुविधा मिल रही है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट की सुविधा लेने के लिए लोगों को स्वयं की आईडी और अकाउंट नम्बर देना जरूरी है। वहीं कई लायसेंसधारी भी आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए आरक्षण टिकिट बेचकर कमाई कर रहे हैं। इसमें सबसे अधिक दलाल सक्रिय हैं, जो छुट्टियों के समय ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। किसी भी पर्व या गर्मी व अन्य छुट्टियों के समय ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ के कारण लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पाती है, जिसका फायदा उठाकर दलाल उनसे एक टिकिट के 200 से 500 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेकर कंफर्म टिकिट उपलब्ध कराने का काम करते हैं।

इसी तरह की सूचना आरपीएफ की अपराध गुप्तचर शाखा की टीम को मुखबिर से मिली कि दो व्यक्ति हाईकोर्ट में रेलवे की ओर से खोले गए आरक्षण कार्यालय से बुकिंग करने के बाद यात्रियों को टिकिट बेचने का काम करते हैं, इसके एवज में वे यात्रियों से 200 से 300 रुपए अतिरिक्त राशि ले रहे हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम ने रेलवे आरक्षण टिकिट का अवैध व्यापार करने वाले टिकिट दलालों को हाईकोर्ट के आवासीय परिसर से पकड़ा, जिनके पास से 47 रेल टिकिट राशि 1 लाख 64 हजार रुपए से अधिक की जब्त की गई। आरोपी अकलतरा जांजगीर-चांपा निवासी रामचरण मन्नेवर पिता जोहित राम 34 साल और वायरलेस कॉलोनी तारबाहर निवासी शुभम रजक पिता लक्ष्मीचंद रजक 26 साल को पकड़कर पूछताछ की गई। दोनों दलाल भदौई प्रयागराज के किसी रविंदर कुमार नाम के व्यक्ति को बिलासपुर से रेलवे आरक्षण टिकिट बनाकर बस व ट्रेन से प्रयागराज तक भेजते थे। आरपीएफ की टीम ने दोनों दलालों को पकड़कर रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत कार्रवाई की है।

**प्रयागराज जाएगी टीम**

आरपीएफ की अपराध गुप्तचर शाखा की टीम ने हाईकोर्ट न्यायालय के आवासीय परिसर में संचालित होने वाले बुकिंग काउंटर से पकड़े गए दलालों से पूछताछ की है। पूछताछ में उन्हें प्रयागराज में टिकिट बनाकर भेजे जाने की जानकारी मिली, जिसके बाद टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रयागराज जाकर जांच करने का निर्णय लिया है।

### फर्जी महिला अधिवक्ता के विरूद्ध अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। तीन साल से एक महिला अमृता नाग द्वारा अधिवक्ता न होते हुए अधिवक्ता की वेशभूषा धारण कर नकली वकील बनकर पक्षकारों से पैसों की ठगी करने,न्यायालय में फर्जी वकालतनामा लगाकर प्रकरण में पैरवी करने के मामले में महिला के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने धारा 204,204,318(4),335 के तहत अपराध दर्ज विवेचना में लिया गया अमृता नाग आ स्व इंद्र देव नाग ग्राम भुलसी तहसील कुसमी जिला बलरामपुर द्वारा विगत तीन चार वर्ष पूर्व से न्यायालय में अधिवक्ता बनकर वकील का पोशाक धारण करके पक्षकारों से उसका केस लड़ने के नाम पर पैसा ठगी कर रही थी। महिला न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अधिकारी अंबिकापुर एवं नायब तहसील न्यायालय दरिमा में अपने नाम का फर्जी वकालतनामा लगाकर अपना हस्ताक्षर करते हुए बिना डर भय के न्यायालय में पैरवी करते हुए न्यायालय को धोखा देने का कार्य कर रही थी। महिला की शिकायत मिलने पर कोतवाली प्रभारी ने गत दिन महिला के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# वन विभाग की टीम ने जब्त की तीन लाख की लकड़ी, वाहन चालक फरार

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने बिलासपुर वन वृत्त में फिल्मी अंदाज में एक ट्रक का पीछा करते हुए साल लकड़ी की जब्त की। वहीं टीम को पीछा करते हुए देख चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश टीम ने शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन वृत्त में लकड़ी तस्करों के खिलाड़ी एक बड़ी कार्रवाई की गई है। वन मंडल के पसान परिक्षेत्र में न विभाग की टीम ने फिल्मी अंदाज में एक गाड़ी का पीछा कर साल लकड़ी से भरे हुए ट्रक को पकड़ा। ट्रक में करीब तीन लाख रुपए से अधिक कीमत की लकड़ी लोड थी। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रामपुर के पास साल प्रजाति के पेड़ों को काटकर ट्रक में लोड कर दूसरे राज्य से लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही जानकारी डीएफओ कुमार निशांत को दी गई। डीएफओ श्री निशांत के आदेश पर टीम गठित की गई। देर रात करीब 1.40 बजे टीम ने एसपी पासिंग ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3677 को रोकने का प्रयास किया। ट्रक का चालक वन विभाग की टीम को देखकर गाड़ी भागने लगा। टीम ने पीछा किया तो चालक रामपुर चंवलपुर मार्ग से ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। विभागीय टीम ने ट्रक में जांच की तो उसमें साल प्रजाति के 15 नग लट्ठे, कुल 6.50 घन मीटर लकड़ी बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए थी। ट्रक और लकड़ी को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के तहत कार्रवाई करने के बाद आरोपी चालक की खोजबीन की जा रही है। वन विभाग की टीम ने वाहन मालिक से पूछताछ किया, जिसने ट्रक को किराए पर देने का दावा किया है। फिलहाल मामले की जांच में वन विभाग की टीम जुट गई है।



# 25 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। जांजगीर के दो बेरोजगारों से सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को हिर्री पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसे ठगी की रकम 75 हजार रूपए व मोबाइल जब्त किया गया।

- नौकरी लगाने का दिया था झांसा

खास बात यह है कि 3 सालों से आरोपी पुलिस और कोर्ट को चकमा दे रहा था। मामला जांजगीर के मुलमुला थाना क्षेत्र का है। जहां चण्डीपारा उरईहा पामगढ़ के रहने वाले अंबिका प्रसाद भारद्वाज पिता स्व. एलआर भारद्वाज उम्र 50 साल ने अपने बेटे राहुल भारद्वाज और भतीजे हरिश को नौकरी लगवाने के लिए मुलमुला निवासी आरोपी राजा भैया लहरे पिता स्व. पुनित राम लहरे 26 साल ग्राम छैडोलिया (कोसा) थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा को ऑन लाईन के जरिए 17 लाख 65 हजार रूपये और 7 लाख 35,000 करीब 25 लाख रूपये दिए गए। पैसा लेने के बाद से आरोपी अक्टूबर 2023 से फरार हो गया। 20 फरवरी को घेराबंदी कर आरोपी को ग्राम छैडोलिया थाना मुलमुला से हिरासत में लिया गया। इसके कब्जे से ठगी की 75 हजार रूपये व मोबाइल जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

# अमेरा खदान से कोयला चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। अमेरा स्थित खदान से कोयला चोरी वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी का ढाई टन कोयला, बाइक बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। बता दें कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अमेरा कोयला खदान में कुछ लोगों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के बाद एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने पुलिस टीम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जांच उपरान्त पुलिस ने मामले में पुहपुटरापारा चिलबिल निवासी 36 वर्षीय आनंद राम केंवट आ. सुखराम केंवट को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाने और अमेरा कोयला खदान से कोयला चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी ने पुलिस को खदान से चोरी किए गए कोयला को छिपाकर रखने की बात कही जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 2.5 टन चोरी का कोयला, घटना में प्रयुक्त एक बाइक समेत एक लाख रूपए का मशरुका बरामद किया।

# अलग-अलग कार्रवाई में 27 नग सागौन और 16 नग साल चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लकड़ी तस्करी के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई की है। दो अलग अलग कार्रवाई में वन विभाग ने घेराबंदी कर 16 नग साल चिरान एवं 27 सागौन चिरान जब्त किया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र लुंड्रा के परिक्षेत्र सहायक वृत्त चेन्द्रा को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि सागौन लकड़ी की अवैध रूप से तस्करी की जा रही है।

सूचना के बाद डीएफओ अभिषेक जोगावत के निर्देश पर वन विभाग द्वारा नाकाबंदी कर दरिमा चौक के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान चेन्द्रा की ओर से आ रहे पिकअप वाहन को वन विभाग ने रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन लेकर फरार हो गया जिसके बाद सूचना के बाद वन परिक्षेत्र लखनपुर की टीम ने घेराबंदी कर ग्राम लोसगा के पास पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वाहन में सागौन चिरान लोड था लेकिन चालक कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। वन विभाग ने वाहन से 27 नग सागौन चिरान जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख रूपए आंकी गई है। वन विभाग द्वारा लकड़ी को अम्बिकापुर काष्ठागार परिसर में रखा गया। मामले में वाहन व सागौन को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) ड. 26 (1) छ. एवं वन उपज व्यापार अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) अन्तर्गत वन अपराध प्रकरण के तहत राजसात की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में वनक्षेत्रपाल रामनिवास दहायत, उप वनक्षेत्रपाल रामेश्वर लकड़ा तथा वनपाल वनरक्षक संजय तिर्की, दिनेश तिवारी, राजेश कुमार खेस एवं शोभनाथ बड़ा शामिल रहे।



**भूसे की बोरियों के नीचे लकड़ी तस्करी**

इधर क्षेत्र में धान भूसे की बोरियों के नीचे लकड़ी तस्करी करने का मामला भी सामने आया है। रविवार को वन परिक्षेत्र उदयपुर के वन कर्मचारियों द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान ग्राम घाटबर्रा के सुसकम रोड में गिद्धमुड़ी कि तरफ से आ रही वाहन अशोक लेलैण्ड क्रमांक सीजी 15 डीवाई 6238 की जांच की। जांच के दौरान वाहन में धान भूसी बोरा के नीचे 16 नग साल चिरान 0.476 घ.मी. वनोपज लोड पाया गया। वाहन में लोड साल चिरान के परिवहन के संबंध में वनोपज के परिवहन संबंधी कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। वन कर्मचारियों द्वारा वनोपज के अवैध परिवहन होने के कारण भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) क, धारा 52 (1), धारा 41 एवं छ.ग. वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) ग के तहत वन अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## खबर संक्षेप

### पत्नी का साथ देने पर सनकी युवक ने पिता को उतारा मौत के घाट

**शंकरगढ़।** पत्नी के चरित्र पर शंका और परिवार में आए दिन होने वाले विवाद के बीच सनकी युवक ने महिला का साथ देने के शक पर अपने ही पिता की बेरहमी से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मोइट हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम कोठली लेफुआटोली निवासी सकुल राम करवा ने 22 फरवरी को पुलिसे के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि 21 फरवरी की रात 8 बजे चचेरा भाई बीरकुंवर चेरवा अपनी पत्नी को खोजते हुए उसके घर आया था। इस दौरान युवक ने बीरकुंवर को बताया कि उसकी पत्नी उसके घर नहीं आई है। वापस लौटते समय बीरकुंवर ने अपने चचेरे भाई को बताया कि उसने अपने पिता को मारकर उसकी हत्या कर दी है। बीरकुंवर की बात सुनकर सकुल राम चेरवा जब उसके घर पहुंचा तो देखा कि हवल चेरवा घर के ढाबा में खून से लथपथ बेहोश पड़ा हुआ था, हवल चेरवा के दाहिना कान और दाहिने घुटने पर चोट लगा हुआ था। ऐसे में सकुल राम चेरवा अपने चाचा को ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में जांच के दौरान चिकित्सक ने हवल चेरवा को मृत घोषित आकर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी बीरकुंवर अपनी पत्नी गोपी चेरवा के चरित्र पर शंका करता था और 21 फरवरी की शाम भी उसने पत्नी के साथ चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट की थी।

### नकदी व मोबाइल लूट का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**दरिमा।** लूट के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि दो अन्य आरोपियों को पूर्व में भी गिरफ्तार किया जा चुका है। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहनपुर पटेलपारा निवासी बचन राम नगेसिया 30 दिसंबर को अपने ससुराल पहाड़पारा से 10 हजार रूपए और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन अपने थैला में रखकर पैदल ही घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान शाम लगभग 4 बजे महेशपुर जंगल के समीप मोहनपुर की और से स्कूटी से आए तीन अज्ञात लोगों उसने पास मौजूद झोला को लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में दरिमा पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 304(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही जांच उपरान्त पूर्व में आरोपी नागेश्वर पैकरा उर्फ डोडू एवं खुशबू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि तीसरे आरोपी की तलाश चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तीसरे आरोपी सीतापुर वंदना यादवपारा निवासी 21 वर्षीय मनीष उर्फ पतों उर्फ लक्ष्मण यादव आ. चक्रधारी यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने भी अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक देशी कट्टा और एक नग जिंदा कारतूस बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों को कट्टा स्थानीय स्तर पर ही कुछ युवकों ने उपलब्ध कराया था। पुलिस द्वार मामले में आर्स्म एक्ट के तहत कार्रवाई करने के साथ ही शेष आरोपियों की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि केनापारा बांध मानस मेंस पार्लर के समीप कुछ युवक अवैध देशी कट्टा व कारतूस बेचने की फिराक में घूम रहे है। सूचना के बाद एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने एक्टिवा स्कूटी पर मौजूद तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई।

## निधन

### कलेश कुमार राठौर



**हरदीबाजार।** ग्राम मौहाडीह निवासी कलेश कुमार राठौर (53 वर्ष) का बीते बुधवार को अकास्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र व दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मौहाडीह में संपन्न हुआ। जिसमें परिवार, समाज व गांव से बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रेमी के परिजनों...

बयान दिया है उसके मुताबिक कृष्णो बाई गेवरा बस्ती में निवासरत एक युवक से प्रेम करती थी और युवक भी युवती से प्रेम करता था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे लेकिन पिछले कुछ दिनों से युवक के परिजनों ने कृष्णो से शादी करने से इनकार कर दिया था जिसके चलते कृष्णो परेशान थी और इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

---

## योनेक्स सनराइज 24वीं छग स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा का हुआ आगाज

# बैडमिंटन कोर्ट में वरिष्ठ खिलाड़ियों का उत्साह देख अच्छा लग रहा है: संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वस्थ और सशक्त समाज से ही देश समृद्ध बनता है। खेल के माध्यम से जिले में सेहतमंद नागरिकों के निर्माण की कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के बैनर तले चलाई जा रही मुहिम एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के इस भवन में दिखाई दे रही है। आज खिलाड़ियों के इस कुंभ में आकर काफी अच्छा लग रहा है। खासकर इन वरिष्ठ खिलाड़ियों को उत्साह के साथ इस कोर्ट में डटे देखकर काफी हर्ष हो रहा है। खेल को संवारने और सहेजने के लिए यहां काफी मेहनत की जा रही है। इसके लिए संघ की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने सोमवार को कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित योनेक्स सनराइज 24वीं छत्तीसगढ़ स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025-26 के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहीं। उन्होंने आगे कहा कि कोरबा के बैडमिंटन खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से प्रदेश-देश ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले को गौरवान्वित कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया और टूनामेंट में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रस्तुत करने प्रेरित किया। उन्होंने खेलों में कोरबा को प्रोत्सहित करने की दिशा में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंच पर पूर्व अपर आयुक्त व कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के संरक्षक अशोक शर्मा, संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार, नेशनल रेफरी प्रताप भट्टाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, महेश गुप्ता, डा राजीव सिंह, डॉ शिरीन लाखे, भूषण उरांव, जोगेश सामंतो, सुधीर रेगे समेत अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करती महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं अन्य।

### 75 प्लस समेत 79 ईवेंट, पहले दिन 40 मैच खेले गए

23 से 27 फरवरी के बीच आयोजित इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के कुल बैडमिंटन में होंगे 79 ईवेंट के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इनमें इनमें 35 प्लस से लेकर 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में मैच होंगे। कुल 301 मैच होंगे जिसके पहले दिन 40 मैच खेले गए। महिला एवं पुरुष सिंगल्स, डबल्स, मिक्स्ड डबल्स की प्रतियोगिताएं होंगी। सबसे खास बात यह कि चैंपियनशिप में 70 और 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ खिलाड़ियों के बीच भी तगड़ी जोर-आजमाइश देखने को मिलेगी।

---

# कोल कप क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, कुसमुंडा बना विजेता


विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

इंदिरा स्टेडियम आदर्श नगर में 15 फरवरी से प्रारंभ हुए कोल कप क्रिकेट प्रतियोगिता में महालक्ष्मी बालको की टीम विजेता एवं गेवरा सपोर्टिंग की टीम उप विजेता रही। कुल 14 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था प्रथम पुरस्कार 41 हजार रुपए अजय प्रसाद और 21 हजार थाना कुसमुंडा विजेता और उपविजेता ट्रॉफी सुरेंद्र शर्मा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मोहम्मद वसीम को प्रदान किया गया। अतिथियों के रूप में संजय पांडे, अजय प्रसाद, अमित सिंह, अभिषेक आनंद, जीत सिंह, रंजन आर्य, घनश्याम यादव, भूपेंद्र भूषण दास, ज्ञानेंद्र मिश्रा, देव साहू सद्दाम हुसैन, थाना कुसमुंडा से संजय तिवारी, नागेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान अमरजीत सिंह, टीपू मेमन, शाहिद खजूर, रामलाल खजूर, फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच संदीप डहरिया सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज स्वप्निल प्रकाश सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अजय यादव, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर संतोष उभरते खिलाड़ी का पुरस्कार विशाल सिंह को निर्णायक के रूप में अनिल यादव, चित्रसेन नाहक, इसराइल मोहम्मद, रामदास हरभजन सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशफाक, मनीष राठौर, नटवर चौहान, सुनील सिंह, बृजेश सिंह, मयंक सिंह, राकेश मेहता, आशीष, श्लोक सिंह उपस्थित रहे।

---

# बीएमएस के द्वारा बालको के खिलाफ प्रस्तावित अनिश्चितकालिन धरना स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


श्रमिक नेता श्री जायसवाल का स्वागत करते बीएमएस के पदाधिकारी।

**खास बात**

- मांग नहीं मानी जाएगी तो श्रमिक हित में संघ करेगा बड़ा आंदोलन

भारत एल्यूमिनियम कंपनी में प्रबंधन के द्वारा लगातार औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडी एक्ट) का उल्लंघन किए जाने, बीएमएस के कार्यकर्ताओं को लगातार प्रताड़ित करने एवं पूर्व में प्रशासन के समक्ष हुई त्रिपक्षीय बैठक में हुई समझौता का पालन नहीं करने सहित विभिन्न श्रमिक समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ के द्वारा बीते दिनों आंदोलन का नोटिस दिया था। इस बीच जिला सराधन अधिकारी कोरबा के आग्रह पर पूर्व में संघ के द्वारा आंदोलन को स्थगित किया था, किंतु कोई सकारात्मक बातें नहीं होने के कारण संगठन के द्वारा 23 फरवरी से पुनः अनिश्चितकालीन आंदोलन करने ऐलान कर दिया।

बालको प्रबंधन के द्वारा लगातार बीएमएस के पदाधिकारियों को प्रताड़ित करने एवं किसी विशेष संगठन के कहने से एकतरफा कार्यवाही करने के कारण श्रमिकों में तीव्र असंतोष फैला हुआ है। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा दिए गए आंदोलन हेतु नोटिस के प्रभाव से माननीय सहायक श्रमायुक्त द्वारा आगामी 26 फरवरी को उभयपक्ष के साथ बैठक हेतु पत्र जारी किया है। रविवार को भारतीय मजदूर संघ, जिला कोरबा का अखिल भारतीय मंत्री व उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल तथा जिला मंत्री की उपस्थिति में उपरोक्त विषय में संगठनात्मक बैठक बुलाकर विस्तृत चर्चा किया गया। संघ ने विश्वास जताया कि आगामी 26 फरवरी के त्रिपक्षीय बैठक में प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक परिणाम आएगा। इसी प्रत्याशा में 23 फरवरी से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना-आंदोलन को स्थगित किया गया है। संघ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया, तो भारतीय मजदूर संघ आगामी दिनों वृहद आंदोलन करने मजबूर होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन व शासन-प्रशासन की होगी।

---

# घनाकछार में संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

ग्राम पंचायत तेलसरा आश्रित ग्राम घनाकछार प्राथमिक शाला में कापी, कलम वितरण व स्वच्छता अभियान चलाकर संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई गई।

**खास बात**

- शहर सहित अंचल में मनाया गया जयंती


जयंती कार्यक्रम में शामिल बच्चे एवं शिक्षक।

युवा कांग्रेस कटघोरा ब्लाक उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर के नेतृत्व में बाबा संत गाडगे महाराज का 150वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम घनाकछार प्राथमिक शाला में आयोजित कि गई जिसमें मुख्यअतिथि समाजसेवक आरती नरेंद्र साहू, शिवराज व विशिष्टअतिथि युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा महासचिव शत्रुहन पटेल उपस्थित थे। शिक्षिका सरोज भगत ने बताया कि बाबा संत गाडगे का जीवन परिचय बताया। समाज सेवक शिवराज ने कहा संत गाडगे महाराज महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध संत, समाज सुधारक और उद्धारक थे। उनका जीवन विशेष रूप से गरीबों, पिछड़े वर्गों, और समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए समर्पित था। वे अपने समय के सबसे प्रभावशाली समाज सुधारकों में से एक माने जाते हैं। उनका उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वासों, और छुआछूत के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम को युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा महासचिव शत्रुहन पटेल एवं युवा कांग्रेस कटघोरा ब्लाक उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा संत गाडगे महाराज केवल एक संत नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने हाथ में झाड़ू और जुबां पर मानवता का संदेश लेकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का कार्य किया हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवराज विशिष्ट अतिथि शत्रुहन पटेल व कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सदबीर निर्मलकर, शंकर व शिक्षिका सरोज भगत, हेमलता कंवर व रसोईया सुनीता कंवर, सजनी कंवर, समार कुंवर छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

### मनाई गई संत गाडगे बाबा की 150वीं जन्म जयंती

संत गाडगे बाबा की 150वीं जन्म जयंती के इस अवसर पर सोमवार को सामाजिक सामुदायिक भवन बालको में जयंती मनाया गया। संत गाडगे बाबा की तैल चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस अवसर बालको इकाई के अध्यक्ष गिरधारी बरेठ ने कहा कि संत गाडगे बाबा एक रोटी कम खाओ अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ ऐसे विचार को जन्म देने वाले महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सामाज सेवक जीपी बरेठ, सत्यनारायण कर्ष, डोमराज बरेठ बालको इकाई के कोषाध्यक्ष रविशंकर बरेठ, विद्या भूषण बरेठ, राहुल बरेठ बालमुकुंद बरेठ उपस्थित रहे।



---

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारी को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मोदी।

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज, की.पी. नगर, कोरबा में भव्य रूप से सम्पन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम् एवं राज्यगीत के सामूहिक गायन के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। अतिथियों को शाल व स्वदेशी वस्तुओं से बने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया गया।

उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की शक्ति है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मंडल व बूथ स्तर पर भी इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएं ताकि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और संगठित रूप से सक्रिय बनें। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी अनिल केसरवानी ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता अपने आचरण में उतारें। द्वितीय सत्र में विधानसभा सह योजना बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। तृतीय सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण नवाचार की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने की तथा वक्ता के रूप में जिला सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला ने संगठनात्मक नवाचार एवं कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र पीपीटी पंच परिवर्तन की अध्यक्षता पूर्व महापौर श्री जोगेश लांबा ने की। मुख्य वक्ता नलीनेश ठोकने ने अपने प्रभावी वक्तव्य में कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से भाजपा समाज के हर वर्ग तक विकास और सुशासन का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, लक्की नंदा, रूक्मणी नायर, रेणुका राठिया, नवीन अरोड़ा, अजय कंवर, सतीश झा, कमला किंडो, नवीन मार्कंडेय, अजय दुबे, अर्जुन गुप्ता, शैलेंद्र यादव, अजय चंद्रा, अमीलाल चौहान, कुल सिंह कंवर, रामनारायण सराफ, प्रीति स्वर्णकार, डॉ. विजय राठौर, उत्तम सिंह रंधावा, वैभव शर्मा, राजेश लहरे, दीपक चावड़ा, नीरज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडलों की प्रशिक्षण टोली एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# समय सीमा पर कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकादारों को किया गया ब्लैकलिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम ने वार्ड क्रमांक 3 में अधूरा विकास कार्य छोड़ने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा से जुड़ी फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। तय समय सीमा के बाद भी काम शुरू नहीं होने पर ठेका निरस्त कर दिया गया और फर्म को एक वर्ष तक निगम की निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

अधोसंरचना मद के तहत 30 दिसंबर 2024 को कार्यादेश जारी किया गया था। चार माह में यानी 29 अप्रैल तक काम पूरा होना था। लेकिन नियत तिथि बीतने के करीब दस महीने बाद भी मौके पर काम की प्रगति शून्य रही। निगम ने जुलाई, अगस्त और सितंबर 2025 में लगातार पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। इसके बाद 30 जनवरी को अंतिम नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा गया, लेकिन ठेकेदार की ओर से कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। इसे अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए निगम प्रशासन ने क्लॉज 2 और 3 के तहत कार्रवाई की। ठेका निरस्त करने के साथ निविदा के समय जमा अमानत राशि को ब्याज सहित राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही शेष कार्य का 10 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति अन्य देयकों या सुरक्षा निधि से वसूलने की तैयारी है। जरूरत पड़ने पर इसे भू-राजस्व बकाया की तरह भी वसूला जा सकता है। सबसे अहम पहलू यह है कि संबंधित फर्म को एक वर्ष तक नगर निगम की किसी भी निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर निगम का संदेश साफ है, समयसीमा के भीतर काम नहीं तो सख्त कदम तय हैं, चाहे ठेकेदार कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो।

---

# गेवरा खदान में पीएनसी कर्मचारियों की हड़ताल जारी, 24 घंटे से ज्यादा काम ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा खदान में 22 फरवरी की रात पीएनसी कंपनी के बाउंसरों द्वारा ड्राइवर अजय दास के साथ कथित मारपीट और गुंडागर्दी की घटना के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। घटना से आक्रोशित ड्राइवरों ने एकजुट होकर काम बंद कर दिया है, जिससे परिवहन और कोयला लोडिंग का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।सूत्रों के अनुसार, हड़ताल के कारण 24 घंटे से अधिक समय से काम बाधित रहा, जिससे एसईसीएल को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।मजदूरों का कहना है कि निजी कंपनियों के बाउंसरों द्वारा लगातार डराने-धमकाने और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने जोरदार विरोध दर्ज कराया है। गैर-राजनीतिक संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री उमागोपाल मौके पर पहुंचे, मजदूरों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी और संगठन की ओर से पूर्ण समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय मजदूरों पर हो रहे अत्याचार को किसी भी कीमत पर सहन नहीं कया जाएगा।

### केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा बीएमएस कल खोलेगी मोर्चा

कोरबा। भारतीय मजदूर संघ द्वारा 25 फरवरी को पूरे देश में विरोध दिवस मनाया जाएगा। इस दिन बीएमएस यूनिट्स सभी जिला हेडक्वार्टर पर धरने और प्रदर्शन करेंगी ताकि केंद्र और राज्य सरकारों पर अलग-अलग सेक्टर और इंडस्ट्री के वर्कर्स की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करने के लिए दबाव डाला जा सके।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### पांच कुंडिय मानस यज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का चतुर्थ दिवस

**हरदीबाजार।** पांच कुंडिय मानस यज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 19 फरवरी को कलश शोभायात्रा से आरंभ हुआ जो 28 फरवरी को पूर्णाहुति, चढ़ोत्तरी, सहस्त्र धारा प्रसाद वितरण के साथ विश्राम होगा। यज्ञाचार्य पं मुकेश कुमार तिवारी शास्त्री घिरधौना बिलासपुर कथावाचक पं त्रिभुवन महराज के कृपापात्र लोकेश मिश्रा सिद्धी विनायक, फिंगेश्वर बरुला वाले के श्रीमुख से कथा श्रवण करा रहे हैं। यज्ञ कार्यक्रम प्रत्येक दिन प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक एवं श्रीराम कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस धार्मिक आयोजन में कथा श्रवण करने लोगों बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन सुबह से पंचकुंडीय यज्ञ में यजमान मंत्रोच्चारण के साथ हवन कर वातावरण को शुद्ध व सुगंधित कर रहे हैं। आचार्य पंडित लेखराम पांडेय ने बताया कि हरदीबाजार, सराई सिंगार व रेंकी के ग्रामवासियों के सहयोग से क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

### सीजी ब्लड ग्रुप के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया सालगिरह

**कोरबा।** एक वर्ष पूर्व मानिकपुर के युवाओं के द्वारा मोबाईल व्हाट्सएप में सीजी ब्लड ग्रुप बनाया गया। जिसमें सैंकड़ों युवाओं ने मिलकर काम करना प्रारंभ किया। इसके साथ में मानिकपुर क्षेत्र के अलावा आसपास के युवाओं को जोड़ा गया जिसमें लगभग 5सौ से अधिक युवाओं ने इस ग्रुप में शामिल हुए सीजी ग्रुप को सैंकड़ों लोगों ने फोन के माध्यम से संपर्क किया। जिसमें लगभग 3सौ से अधिक लोगों को लाभ दिया गया इस ग्रुप का उद्देश्य है जरूरतमंद लोगों को इसका पूर्ण रूप से लाभ मिले इस नेक कार्य के लिए वार्ड के पार्षद नारायण लाल कुर्रे के द्वारा एक वर्ष पूर्ण होने पर पर केक काटा मनाया गया। सालगिरह कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशी राज, सुकेश कुमार, अजीत एक्का, संतोष बघेल, सागर सोनवानी, जितेन्द्र रत्नाकार, अमर पटेल बंटी, विजय आनंद, पंचराम, अनिल आनंद, विजय आदिले, हेमलाल टंडन, सूरज डहारे, कमलेश रात्रे, जीतराम यादव, शिवा के अलावा ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों एवं शहरी क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के समाधान की के लिए पहुंचे नागरिकों की आवेदनों को गम्भीरता से सुना। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को सवेंदनशीलता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। खम्हरिया सहित अन्य पंचायतो में खाद्यान्न वितरण में आ रही परेशानियों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों को राहत पहुंचाते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को संबंधित पंचायतों में स्वयं जाकर शिकायतों की जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली सुचारु रूप से संचालित हो और किसी भी पात्र परिवार को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े। जनदर्शन में खाद्यान्न वितरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, पीएम आवास, रोजगार, मुआवजा, पेंशन, नए आंगनबाड़ी भवन की मांग, दिव्यांगता कार्ड, ट्राई सायकिल एवं वनाधिकार पट्टा सहित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनो का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।

# जूनियर क्लब में अब बाहरी खिलाड़ियों का होगा प्रवेश निषेध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विद्युत कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के खेल सुविधाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य पारिवारिक कार्यों लिए आवासीय परिसर में जूनियर क्लब का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी के अधीनस्थ जनरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन और ट्रांसमिशन के सभी तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारियों जो कि डीएसपीएम संयंत्र के आवासीय परिसर में निवासरत हैं एवं उनके परिवारजनों के सभी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल सुविधाओं (बैडमिंटन कोर्ट) एवं अन्य खेलों के लिए प्रबंधन द्वारा जूनियर क्लब का निर्माण किया गया है जिसका संचालन श्रम कल्याण समिति डीएसपीएम ताप विद्युत गृह द्वारा किया जाता है।

जानकारी के अनुसार कुछ वर्षों से जूनियर क्लब के बैडमिंटन हॉल में सुबह एवं शाम के समय बाहरी व्यक्ति एवं खिलाड़ियों द्वारा बैडमिंटन खेला जाता है, समिति को यह भी शिकायत मिली है कि बाहरी खिलाड़ियों द्वारा विद्युत कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है जिसकी लिखित शिकायत रामपुर थाने में भी किया जा चुका है।समिति के द्वारा बाहरी खिलाड़ियों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है जबकि प्रबंधन द्वारा जूनियर क्लब का विद्युत शुल्क एवं साफ सफाई का भुगतान किया जाता है एवं डीएसपीएम के सिविल सुधार संभाग द्वारा नियमित रूप से जूनियर क्लब का साफ सफाई एवं रखरखाव का कार्य किया जाता है। सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के पश्चात समिति के द्वारा ही क्लब का साफ सफाई करवाया जाता है। चोरी को रोकने एवं अन्य अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से समिति द्वारा समय पर क्लब को बंद किया जाता है। क्लब में बैडमिंटन खेल हेतु समय निर्धारित है, बाहरी खिलाड़ियों के द्वारा समिति द्वारा नियुक्त चौकीदार को समय बेसमय बैडमिंटन खेलने के लिए बैडमिंटन हॉल को खोलने के लिए दबाव बनाया जाता है और मना करने पर उनसे अभद्र व्यवहार किया जाता है जिसकी शिकायत चौकीदार द्वारा समिति को किया जा चुका है। बार बार मिल रही शिकायतों को देखते हुए समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि जूनियर क्लब में बाहरी व्यक्तियों/खिलाड़ियों का प्रवेश निषेध होगा।

### बाहरी व्यक्तियों द्वारा किया जाता है अभद्र व्यवहार

**खास बात**

- चौकीदार ने अभद्र व्यवहार की समिति तथा रामपुर थाने में की है शिकायत




### पहले चरण में केंदई रेंज के ग्राम बगबुड़ा से होनी थी शुरुआत

# हैंगिंग सोलर फेंसिंग को स्वीकृति का इंतजार, गजराज डाले हुए हैं डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग हाथियों और मानव द्वंद को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है लेकिन इसके बाद भी कोई तो सफलता नहीं मिल पा रही है। वन विभाग की टीम ने हैंगिंग सोलर फेंसिंग करने की योजना बनाई है लेकिन अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिलने के चलते योजना अधर में ही नजर आ रही है जिससे वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का कुनबा लगातार बढ़ता ही जा रहा है और पूरे वर्ष भर हाथी कोरबा और कटघोरा वनमंडल के जंगल में डेरा डाले रहते हैं और जान माल की क्षति पहुंचाते रहते हैं और हाथी और मानव द्वंद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वन विभाग द्वारा गाहे बगाहे हाथियों को रोकने के लिए तरह-तरह के उपाय किए जाते हैं लेकिन ज्यादातर सारे उपाय अब तक कारगर साबित नहीं हुआ है। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों को रोकने के लिए एक बार फिर से कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत की पहल पर हाथियों को रोकने के लिए हैंगिंग फेंसिंग सोलर योजना लगाकर हाथियों के उत्पात को रोकने का प्रयास करने की दिशा पर पहल की गई थी और स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल पायी है जिससे ऐसा लग रहा है कि यह भी योजना ठंडे बस्ते में न चला जाए।

**खास बात**

- जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में बढ़ रहा हाथियों का उत्पात जारी



### 6 किलोमीटर को घेरने की योजना

हैंगिंग सोलर फेंसिंग योजना की शुरुआत कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगबुड़ा में की जा रही है। केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे इस पर काम भी कर रहे हैं। बताया जाता है कि ग्राम बगबुड़ा चारों तरफ जंगल से घिरा हुआ है लगभग 6 किलोमीटर इलाके को इस गांव को पूरी तरह से घेरने का प्लान तैयार किया गया है यदि इस योजना को शासन स्वीकृति देता है तो निश्चित तौर पर हाथियों को रोकने के लिए कारगर हो सकता है।

### नहीं मिली है स्वीकृति

हैंगिग सोलर फैंसिंग के तहत केंदई रेंज के बगबुड़ा गांव को घेरने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है लेकिन अब तक शासन ने इसकी स्वीकृति नहीं दी है आने वाले दिनों में यदि शासन इसकी स्वीकृति देता है तो इस योजना के तहत काम किया जाएगा। -**कुमार निशांत,** वन मंडलाधिकारी कटघोरा

### पसरखेत वन परिक्षेत्र में तेन्दूपत्ता शाखकर्तन, हुई कार्यशाला



कार्यशाला में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला यूनियन सह. समिति मर्यादित के प्रबंध संचालक के मार्गदर्शन एवं उप. प्रब. संचालक के निर्देशन में सोमवार को पसरखेत वन परिक्षेत्र के प्रांगण में वर्ष 2026 का तेन्दूपत्ता शाखकर्तन, कार्यशाला आयोजित किया गया गया। जहां जिला यूनियन के पसरखेत, करतला के अनेक समितियों के प्रबंधक फड़ मुंशी पोषक अधिकारी एवं संग्राहक, वन कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जिला यूनियन के द्वारा किया गया उनके द्वारा शाखकर्तन के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला यूनियन के उप. प्रबंध संचालक ने शाखकर्तन एवं तेन्दूपत्ता संग्रहण एवं विभिन्न प्रोत्साहन गतिविधियों, बीमा, बोनस के विषय में उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। इस दौरान अग्नि घटनाओं में हाथी मानव द्वन्द्व पर परिक्षेत्राधिकारी पसरखेत एवं विषय विशेषज्ञ नोवा नेचर के जितेन्द्र सारथी एवं टीम के द्वारा आवश्यक जानकारी साझा किया गया। साथ ही वनस्पति विशेषज्ञ दिनेश ने दुर्लभ वनौषधियों के विषय में रोचक प्रस्तुति दिया। इस दौरान अग्नि सीजन में वनों को आग से बचाने अपील करते हुए नारा लगाया गया हरा सोना पाना है तो जंगल को आग से बचाना है। इस अवसर पर जिला यूनियन कार्यालय अध्यक्ष बाल मुकुंद राठिया, एसएस कंवर, लेखापाल, वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, संचालक मंडल सदस्य, उपवन क्षेत्रपाल, सहायक प्रबंधक, वन धन मैनेजर, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक, फड़ मुंशी, तेंदूपत्ता संग्राहक कृषक, वन धन मित्र के तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# कोयले से लदे ट्रेलर में अचानक लगी आग, चालक बचा- बाल बाल



धूं धूंकर जलती ट्रेलर।



आग पर काबू पाता दमकल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अशोक वाटिका स्थित स्टेडियम रोड से गुजर रही है कोयले से भरी एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। ट्रेलर में धुंआ उठता देख चालक ट्रेलर से कूद गया और वह बाल बाल बच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जब तक दमकल की टीम आग पर काबू पाती तब तक ट्रेलर का सामने का हिस्सा पुरी तरह से जल चुका था। जानकारी के अनुसार रविवार की रात कुसमुंडा खदान से अनिल दास नाम चालक कोयला लोड कर कुसमुंडा से रायगढ़ के लिए रवाना हुआ था। देर रात को वह सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत अशोक वाटिका के समीप पहुंचा था कि उसकी गाड़ी अचानक बंद हो गया और गाड़ी से धुंआ उठता देख चालक गाड़ी से कूद गया और इसी बीच गाड़ी में आग लग गई। शुरुआत में किसी ने विशेष ध्यान नहीं दिया, लेकिन अचानक कोयले के ढेर से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते धुंआ घना होता गया और कुछ ही मिनटों में आग की लपटें उठने लगीं। आग भड़कने से वहां मौजूद राहगीरों और दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिग्रेड की टीम को दी जिसके बाद फायर ब्रिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक ट्रेलर वाहन का सामने का हिस्सा पुरी तरह से जल चुका था। इस आगजनी की घटना से ट्रेलर मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि संभवतः तकनीकी खामी की वजह से ट्रेलर में आग लगी है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अशोक वाटिका के समीप हुई घटना

# जिले के खिलाड़ी ने जीता स्वर्ण पदक




पुरस्कार प्राप्त करती खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोकलपुर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान जबलपुर में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की प्रतिभागी श्रीमती नीलिमा दास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक (जेवेलिन थ्रो) स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। 65 वर्ष आयु वर्ग में महिलाओं की जेवेलिन स्पर्धा में नीलिमा दास ने 12.45 मीटर की प्रभावशाली दूरी तक भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रमाण-पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। नीलिमा दास ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, दृढ़ संकल्प और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि उम्र केवल एक संख्या है, यदि मन में उत्साह और आत्मविश्वास हो तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश के खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

**खास बात**

- जबलपुर में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# हर्षोल्लास से मनाई गई महाराज छत्रपति शिवाजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाज की महिलाएं।

जिला मराठा समाज कोरबा द्वारा जमनीपाली स्थित छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन में विगत दिनों छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात आयोजित मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेन्द्र देवांगन उपस्थित रहे। जिला मराठा समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र वाकड़े ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को केवल शब्दों तक सीमित न रखते हुए हमें उन्हें अपने आचरण में उतारना चाहिए। समाज में एकता, अनुशासन एवं सेवा-भाव को सुदृढ़ करते हुए युवाओं को उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने शिवाजी महाराज के जीवन एवं उनके स्वराज्य के सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का शौर्य और पराक्रम सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्श हमें साहसी, सशक्त और संगठित बनने की प्रेरणा देते हैं, ताकि हम समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकें। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने जिला मराठा समाज को इस आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए। हमारे देश में अनेक महान विभूतियाँ हुई हैं, जिनकी जयंती मनाकर हम नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ सकते हैं। उन्होंने समाज की विभिन्न मांगों एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक अश्विनी कदम, जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत जाधव, जिला महामंत्री विनय निंबालकर, जिला उपाध्यक्ष उमेश्वर राव निंबालकर, जिला कोषाध्यक्ष हिराजी राव निंबालकर, सह-कोषाध्यक्ष युगल किशोर भोसले, जिला उपाध्यक्ष परमानंद ठाकरे ,प्रभाकर माहुरे, संतोष माने, सतीश लगड़, गुलशन भोसले, श्रीमती विद्या भोसले, श्रीमती प्रीति शिंदे, श्रीमती अंजनी भोसले सहित अन्य उपस्थित थे।




